an>

Title: Regarding provisions for construction and maintenance of roads under Pradhan Mantri Gram Sadak Yojana.

श्री बलभद्र माझी (नबरंगपुर): मैडम, आज मैं अंतर्राÂट्रीय आदिवासी दिवस पर सारे आदिवासी भाई-बहनों तथा आदिवासियों को प्रेम करने वाले भाई-बहनों को भी बहुत-बहुत धन्यवाद देता हूं और स्वागत करता हूं।

मैडम, मैं यह जो मुद्दा उठा रहा हूं, यह आदिवासी एरिया के लिए ही है। मलकानगिरी जिला, जो मेरे क्षेत्र में आता है, वहां एलडब्ल्यूई स्कीम के तहत एक गुरुप्रिया सेतु बन रहा है। काफी कोशिश के बाद उसके लिए एक कंट्राक्ट अवार्ड हो पाया है, क्योंकि बार-बार टेंडर करने के बाद भी कोई टेंडर कोट नहीं कर रहा था। अब उसे स्टेट गवर्नमेंट ने चालू कर दिया है, लेकिन केन्द्र सरकार द्वारा जो 187 करोड़ रुपये दिए जाने हैं, वह अभी तक नहीं दिए गए हैं। यह प्रकल्प 100 प्रतिशत केन्द्र द्वारा वहन करना है। आपके माध्यम से मेरी रिक्वेस्ट है कि केन्द्र सरकार उस पैसे को जल्दी दे, ताकि वह पुल जल्दी पूरा हो सके।

साथ ही, एक अन्य ब्रिज मोटू के पास सिलेरू नदी पर बनना है, जिसे आंध्र प्रदेश सरकार को तैयार करना है। उसका टेंडर बहुत कोशिश करने के बाद खुला है, मेरा आपके माध्यम से आंध्र प्रदेश सरकार एवं केन्द्र सरकार से निवेदन है कि उस टेंडर को जल्दी फाइनलाइज करके जल्दी वह पुल बनाया जाए, ताकि आवागमन अच्छे से हो सके। यह भी एल डब्ल्यू स्कीम के तहत होना है।

माननीय अध्यक्ष : श्री भैरों प्रसाद मिश्र एवं श्री शरद त्रिपाठी को श्री बलभद्र माझी द्वारा उठाए गए विÂषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।